Shiv Chalisa

शिवचालीसा

DOHA · दोहा

1 जै गणेश गिरिजासुवन, मङ्गल मूल सुजान।
कहत अयोध्यादास तुम, देव अभय बरदान॥

Jai Ganesh girijasuvan, mangal mul sujan.
Kahat ayodhyadas tum, dev abhay baradan.

CHAUPAI · चौपाई

1 जै गिरिजा पति दीन दयाला। सदा करत संतन प्रतिपाला॥

Jai girija pati din dayala. sada karat santan pratipala.

2 भाल चन्द्रमा सोहत नीके। कानन कुंडल नाग फनीके॥

Bhal chandrama sohat nike. kanan kundal nag phanike.

3 अंग गौर शिर गंग बहाये। मुण्डमाल तन छार लगाये॥

Ang gaur shir gang bahaye. mundamal tan chhar lagaye.

4 वस्त्र खाल बाघम्बर सोहैं। छबिको देख नाग मुनि मोहैं॥

Vastra khal baghambar sohain. chhabiko dekh nag muni mohain.

5 मैंना मातुकि हवे दुलारी। बाम अंग सोहत छबि न्यारी॥

Mainna matuki have dulari. bam ang sohat chhabi nyari.

6 कर त्रिशूल सोहत छबि भारी। करत सदा शत्रुन क्षयकारी॥

Kar trishul sohat chhabi bhari. karat sada shatrun kshayakari.

7 नन्दिगणेश सोहैं तहँ कैसे। सागर मध्य कमल हैं जैसे॥

Nandiganesh sohain tahan kaise. sagar madhya kamal hain jaise.

8 कार्तिक श्याम और गणराऊ। या छबिको कहि जात न काऊ॥

Kartik shyam aur ganarau. ya chhabiko kahi jat na kau.

9 देवन जबहीं जाय पुकारा। तबहीं दुख प्रभु आप निवारा॥

Devan jabahin jai pukara. tabahin dukh prabhu ap nivara.

10 किया उपद्रव तारक भारी। देवन सब मिलि तुमहिं जुहारी॥

Kiya upadrav tarak bhari. devan sab mili tumahin juhari.

11 तुरत षड़ानन आप पठायउ। लवनिमेष महँ मारि गिरायउ॥

Turat sharanan ap pathayau. lavanimesh mahan mari girayau.

12 आप जलंधर असुर सँघारा। सुयश तुम्हार बिदित संसारा॥

Ap jalandhar asur sanghara. suyash tumhar bidit sansara.

13 त्रिपुरासुर सन युद्ध मचाई। सबहिं कृपाकर लीन बचाई॥

Tripurasur san yuddha machai. sabahin krpakar lin bachai.

14 किया तपहिं भागीरथ भारी। पुरव प्रतिज्ञा तासु पुरारी॥

Kiya tapahin bhagirath bhari. purav pratigya tasu purari.

15 दानिन महँ तुम सम कोउ नाहीं। सेवक अस्तुति करत सदाही॥

Danin mahan tum sam kou nahin. sevak astuti karat sadahi.

16 वेद नाममहिमा तव गाई। अकथ अनादि भेद नहिं पाई॥

Ved namamahima tav gai. akath anadi bhed nahin pai.

17 प्रगटि उदधिमंथन ते ज्वाला। जरे सुरासुर भये विहाला॥

Pragati udadhimanthan te jvala. jare surasur bhaye vihala.

18 कीन्ह दया तहँ करी सहाई। नीलकण्ठ तब नाम कहाई॥

Kinha daya tahan kari sahai. nilakantha tab nam kahai.

19 पूजन रामचन्द्र जब कीन्हा। जीतके लंक विभीषण दीन्हा॥

Pujan Ramachandra jab kinha. jitake lank Vibhishan dinha.

20 सहस कमलमें हो रहधारी। कीन्ह परीक्षा तबहिं पुरारी॥

Sahas kamalamen ho rahadhari. kinha pariksha tabahin purari.

21 एक कमल प्रभु राखेउ गोई। कमल नैन पूजन चह सोई॥

Ek kamal prabhu rakheu goi. kamal nain pujan chah soi.

22 कठिन भक्ति देखी प्रभु शंकर। भये प्रसन्न दिए इच्छित वर॥

Kathin bhakti dekhi prabhu Shankar. bhaye prasanna die ichchhit var.

23 जय जय जय अनंत अविनासी। करत कृपा सबके घटवासी॥

Jai jai jai anant avinasi. karat krpa sabake ghatavasi.

24 दुष्ट सकल नित मोहिं सतावै। भ्रमत रहे मोहिं चैन न आवै॥

Dushta sakal nit mohin satavai. bhramat rahe mohin chain na avai.

25 त्राहि त्राहि मैं नाथ पुकारों। यहि अवसर मोहिं आन उबारो॥

Trahi trahi main nath pukaron. yahi avasar mohin an ubaro.

26 लै त्रिशूल शत्रुन को मारो। संकटसे मोहि आनि उबारो॥

Lai trishul shatrun ko maro. sankatase mohi ani ubaro.

27 मातपिता भ्राता सब कोई। संकटमें पूछत नहिं कोई॥

Matapita bhrata sab koi. sankatamen puchhat nahin koi.

28 स्वामि एक है आस तुम्हारी। आय हरहु अब संकट भारी॥

Svami ek hai as tumhari. ay harahu ab sankat bhari.

29 धन निरधनको देत सदाहीं। जो कोई जाँचे वा फल पाहीं॥

Dhan niradhanako det sadahin. jo koi janche va phal pahin.

30 अस्तुति केहि बिधि करौं तुम्हारी। क्षमहु नाथ अब चूक हमारी॥

Astuti kehi bidhi karaun tumhari. kshamahu nath ab chuk hamari.

31 शंकर हो संकटके नाशन। विघ्न विनाशन मंगल कारन॥

Shankar ho sankatake nashan. vighna vinashan mangal karan.

32 योगी यति मुनि ध्यान लगावैं। शारद नारद शीश नवावैं॥

Yogi yati muni dhyan lagavain. Sharad Narad shish navavain.

33 नमो नमो जै नमो शिवाय। सुरब्रह्मादिक पार न पाय॥

Namo namo jai namo shivay. surabrahmadik par na pay.

34 जो यह पाठ करै मन लाई। तापर होत हैं शंभु सहाई॥

Jo yah path karai man lai. tapar hot hain shambhu sahai.

35 ऋनियाँ जो कोइ हो अधिकारी। पाठ करै सो पावन हारी॥

Rniyan jo koi ho adhikari. path karai so Pavan Hari.

36 पुत्र होन कर इच्छा कोई। निश्चय शिव प्रसाद तेहि होई॥

Putra hon kar ichchha koi. nishchay Shiv prasad tehi hoi.

37 पंडित त्रयोदसीको लावैं। ध्यान पूर्वक होम करावैं॥

Pandit trayodasiko lavain. dhyan purvak hom karavain.

38 त्रयोदशी ब्रत करै हमेशा। तन नहि ताके रहे कलेशा॥

Trayodashi brat karai hamesha. tan nahi take rahe kalesha.

39 धूप दीप नैवेद्य चढ़ावै। शंकर सन्मुख पाठ सुनावै॥

Dhup dip naivedya charhavai. Shankar sanmukh path sunavai.

40 जन्म-जन्म के पाप नसावै। अन्तबास शिवपुर में पावै॥

Janma-janma ke pap nasavai. antabas shivapur men pavai.

41 कहे अयोध्या आस तुम्हारी। जानि सकल दुख हरहु हमारी॥

Kahe Ayodhya as tumhari. jani sakal dukh harahu hamari.

DOHA · दोहा

2 नित्त नेम करि प्रातही, पाठ करो चालीस।
तुम मेरी मन कामना, पूर्ण करहु जगदीश॥

Nitta nem kari pratahi, path karo chalis.
Tum meri man kamana, purna karahu jagadish.

3 मगसर छठि हेमंत ऋतु, सम्बत चौंसठ आन।
अस्तुति चालीसा शिवहिं, पूर्ण कीन कल्यान॥

Magasar chhathi hemant rtu, sambat chaunsath an.
Astuti chalisa shivahin, purna kin kalyan.

Text checked against: Gita Press, Gorakhpur: Shiv Aradhna (code 2127), 'शिवचालीसा २'. Meanings, audio and all scripts at nityapaath.com/shiv-chalisa/